कार्यालय मिशन संचालक, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
विकास भवन, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)
Telephone no. 0771-2999525, E-mail id- sbmg.cg@gov.in, website -www.sbmgcg.in

क्र. 734 मि.सं. / एसबीएमजी / पायलट प्रोजेक्ट / 2021 रायपुर, दिनांक 28/12/21

प्रति,

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह सदस्य सचिव**
प्रबंधन समिति, जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
जिला पंचायत – बिलासपुर, रायगढ़

विषयः स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं तृतीयलिंग व्यक्तियों हेतु पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु स्वीकृति के संबंध में ।

संदर्भः
1. जिला पंचायत बिलासपुर का पत्र कमांक 266 / जि.प. / जि.स्व.भा.मि / 2021–22 बिलासपुर 07.12.2021
2. जिला पंचायत रायगढ़ का पत्र कमांक 10089 / जि.स्व.भा.मि / जि.प. / 2021 रायगढ़, दिनांक 10.11.2021

——00——

विषयान्तर्गत उपरोक्त पत्र के माध्यम से आपके जिले से ग्राम पंचायतों के मांग के आधार पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत संचालित पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं तृतीयलिंग व्यक्तियों हेतु सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु मांग किया गया है । प्राप्त मांग पत्र के आधार पर राज्य स्तर से परीक्षण उपरांत निम्न स्थलों में (महिला,पुरूष, दिव्यांगजनों एवं तृतीयलिंग व्यक्तियों हेतु) सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान किया जाता है :–

| क. | जिला | जनपद पंचायत | ग्राम पंचायत | स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बिलासपुर | कोटा | मेलनाडीह | खुटाघाट पर्यटन स्थल |
| 2. | रायगढ़ | रायगढ़ | बिलासपुर | राम झरना पर्यटन स्थल |

दिव्यांगजनों एवे तृतीयलिंग व्यक्तियों हेतु निर्माण होने वाले सामुदायिक शौचालय के पास दैनिक उपयोग की सामग्री एवं अन्य सामग्री के विक्रय हेतु कुछ दूकान को भी संलग्न किया जा सकता है, जिससे रिवेन्यू भी प्राप्त होगा एवं दूकानदार को शौचालय का उपयोग एवं संधारण की जिम्मेदारी रहेगी । साथ ही दूकान से मासिक किराया भी ग्राम पंचायत को प्राप्त होगा जिससे सामुदायिक शौचालय का संधारण भी सहजता से हो सकेगा। उक्त सामुदायिक शौचालय के साथ आवश्यकतानुसार एक प्रतीक्षालय कक्ष का भी निर्माण किया जा सकता है। निर्माण किये जाने वाले सामुदायिक शौचालय का स्थायित्व बना रहे इसके लिए अभिनव योजना निर्माण कर कार्यवाही की जा सकती है ।

उपरोक्तानुसार दिव्यांगजनों एवं तृतीयलिंग व्यक्तियों हेतु सामुदायिक शौचालय का निर्माण एस.बी.एम.जी के मार्गदर्शिका एवं समय समय पर राज्य से प्रेषित दिशा–निर्देशों के अनुसार करने का कष्ट करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार ।

28/12/21

**(सत्य नारायण राठौर)**
**मिशन संचालक**
राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

पृ.क्र 735......मि.सं./एसबीएमजी/पायलट प्रोजेक्ट/2021 रायपुर, दिनांक 28/12/21

प्रतिलिपि :–

कलेक्टर सह अध्यक्ष प्रबंधन समिति जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला– बिलासपुर एवं रायगढ़ की ओर सूचनार्थ प्रेषित ।

**मिशन संचालक**
राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सह सदस्य सचिव,
जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला – बिलासपुर (छ.ग.)

क्र./ 266 /जि.पं./जिस्वभामिग्रा/2021–22 बिलासपुर, दिनाँक 07/12/21

प्रति

मिशन संचालक,
राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण),
नीर भवन, सिविल लाईन्स, रायपुर (छ.ग.)

विषय :– सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने बावत्।

संदर्भः– 1. आपके कार्यालय से दूरभाष पर प्राप्त निर्देश दिनांक 02.12.2021.
2. मु.का.अधि. जन. पंचा. से प्राप्त प्रस्ताव 2071 दिनांक 04.12.2021.

---

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि ग्राम पंचायत, मेलनाडीह में स्थिति पर्यटन स्थल खुटाघाट/खारंग जलाशय में पर्यटकों का भीड साल भर लगा रहता है। जिसके कारण पर्यटन स्थल मे सामुदायिक शौचालय निर्माण की आवश्यकता है।

सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए जनपद पंचायत/ग्राम पंचायत से स्थल चयन एवं फोटोग्राफ्स संलग्न कर प्रस्ताव इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है, जिसे मूलतः संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी ओर सादर संप्रेषित है।

(प्रस्तावित स्थल सिंचाई विभाग का है।)

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सह
सदस्य सचिव, जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.)
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

पृ.क्र./ 267 /जि.पं./जिस्वभामिग्रा/2021–22 बिलासपुर, दिनाँक 07/12/21

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर सह अध्यक्ष प्रबंधन समिति जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सह
सदस्य सचिव, जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.)
जिला बिलासपुर (छ.ग.)



Scanned with CamScanner

कार्यालय जनपद पंचायत कोटा,जिला–बिलासपुरं (छ0 ग0)

email : jp-kota.cg@nic.in Ph. - 07753-253232, 203031

क्रमांक 4⁄ [illegible] / एसबीएम / ज.पं. / 2021 कोटा, दिनांक 4 / 12 / 2021

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत बिलासपुर

विषय :– सार्वजनिक शौचालय निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने बाबत् ।

--0--

विषयान्तर्ग ग्राम पंचायत मेलनाडीह के पर्यटन स्थल खारंग जलाशय में पर्यटकों की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालय निर्माण हेतु ग्राम पंचायत का प्रस्ताव एवं स्थल का फोटोग्राफ्स प्राप्त हुआ है, जिसे मूलतः संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी और सादर सम्प्रेषित् है । (प्रस्तावित स्थल सिंचाई विभाग का है)

संलग्न :– उपरोक्तानुसार ।

04/12/21.
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत कोटा

Scanned with CamScanner

# कार्यालय : ग्राम पंचायत मेलनाडीह, जनपद पंचायत कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

## प्रस्ताव नकल

बैठक दिनॉक : 23 / 10 / 2021

पृ.कं. ..................

| कं. | उपस्थित सदस्यों के नाम | विषय | बैठक की संक्षिप्त कार्यवाही | प्रस्ताव जो पारा हुए | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | सरपंच<br>श्रीमति लक्ष्मीन बाई जगत | प्र.कं. 07<br>सामुदायिक शौचालय बनाने के संबंध में | आज दिनॉक 23/10/2021 को ग्राम पंचायत मेलनाडीह अपनी मासिक बैठक सरपंच श्रीमति लक्ष्मीन बाई जगत की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत भवन में समय 02:00 बजे आयोजित पंचगण (सदस्य) आपस में चर्चा कर निर्णय लिया गया कि – ग्राम पंचायत मेलनाडीह पर्यटन स्थल खारंग जलाशय में पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए सामुदायिक शौचालय बनाने का निर्णय लिया सर्वसम्मति से लिया गया। | प्र.कं. 07 को सर्व सम्मति से प्रस्ताव किया गया। | |
| 2. | उपसरपंच<br>श्री पंचराम खुसरो | | | | |
| 3. | श्रीमति मनियारा बाई नेताम | | | | |
| 4. | श्रीमति लक्ष्मीन बाई मरावी | | | | |
| 5. | श्रीमति मीना बाई श्याम | | | | |
| 6. | श्रीमति रामकली यादव | | | | |
| 7. | श्री भास्कर राज | | | | |
| 8. | श्री गोपाल प्रसाद गोंड़ | | | | |
| 9. | श्रीमति मालती यादव | | | | |
| 10. | श्रीमति शांती बाई गोंड़ | | | | |
| 11. | श्री रमेश कुमार गोंड़ | | | | |
| 12. | श्रीमति शिवकुमारी कोल | | लक्ष्मीन जगत<br>सरपंच<br>ग्राम पंचायत मेलनाडीह<br>सचिव<br>ग्राम पंचायत मेलनाडीह<br>ज.प. कोटा | | |

Scanned with CamScanner




सरपंच
ग्राम पंचायत [illegible]
ज.प. कोटा

Scanned with CamScanner

# कार्यालय मुख्य अभियंता,

## हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

(फोन नं. 07752-222726 फैक्स नं. 07752-236645, 46 ई-मेल आई.डी. cehb@cgwrd.in)

ज्ञाप क्र. 05 / कार्य / डी-6 / 2006 — बिलासपुर,दिनांक 3 / 12 / 2021

प्रति,

जिला समन्वयक
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

विषय :- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जनपद पंचायत कोटा के ग्राम पंचायत मेलनाडीह में निर्मित पर्यटन स्थल खुंटाघाट में सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु अनापत्ति बाबत्।

संदर्भ :- आपका पत्र क्र. 241 / जि.पं. / जि.स्व.भा.मि.(ग्रा) / 21-22 दिनांक 29.11.2021

*******

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जनपद पंचायत कोटा के ग्राम पंचायत मेलनाडीह में निर्मित पर्यटन स्थल खुंटाघाट में सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु अनापत्ति निम्नलिखित शर्तों के साथ प्रदाय की जाती है :-

1. सामुदायिक शौचालय निर्माण के अतिरिक्त अन्य कोई निर्माण कार्य वर्जित होगा।
2. प्रस्तावित सामुदायिक शौचालय हेतु पानी की व्यवस्था निर्माण एजेंसी को करना होगा।
3. प्रस्तावित सामुदायिक शौचालय का संचालन की व्यवस्था जैसे कि साफ-सफाई, अपशिष्ट का प्रबंधन एवं क्रियान्वयन इत्यादि निर्माण एजेंसी की स्तर पर सुनिश्चित करना होगा।
4. प्रस्तावित सामुदायिक शौचालय का निर्माण संलग्न नजरी नक्शा में दर्शित स्थल एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन सर्वेक्षण उपसंभाग बिलासपुर के दिशा निर्देश के अनुसार करना होगा।
5. किसी भी विवाद की स्थिति में मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर का निर्णय अंतिम होगा।

SBM

सहपत्र :- शून्य।

3/12/21

मुख्य अभियंता,
हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग,
बिलासपुर (छ.ग.)

पृष्ठां. क्र. 05 / कार्य / डी-6 / 2006 — बिलासपुर,दिनांक / /2021

प्रतिलिपि :-


1. प्रमुख अभियंता, जल ससांधन विभाग शिवनाथ भवन अटल नगर नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. अधीक्षण अभियंता जल संसाधन मण्डल बिलासपुर।
3. कार्यपालन अभियंता खारंग जल संसाधन संभाग बिलासपुर।


को सूचनार्थ अग्रेषित।

सहपत्र :- शून्य।

मुख्य अभियंता,
हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग,
बिलासपुर (छ.ग.)

PLAN OF CEMENT CONCRETE ROAD ON BOTH BANK OF LBC OF KHARUNG TANK
FROM RD 0 M TO RD 840 M
(NOT TO SCALE)






Scanned with CamScanner

**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह र**
**जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) जिला पंचायत, रायगढ़ (छ0ग0)**

पत्र क्र. 10089 / जि.स्व.भा.मि. / जि.पं. / 2021 रायगढ़, दिनांक 10/11/21

प्रति,

मिशन संचालक,
राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.),
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
रायपुर (छ.ग.)

विषय :— स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा) के अंतर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु राशि मांग के संबंध में।

——00——

विषयांतर्गत लेख है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा) अंतर्गत रायगढ़ जिले के विकासखंड रायगढ़ के पर्यटन स्थल राम झरना, ग्राम पंचायत बिलासपुर तथा नाथलदाई पर्यटन स्थल, ग्राम पंचायत टिमरलगा विकासखंड सारंगढ़ में एक—एक दिव्यांग/तृतीय लिंग व्यक्तियों के लिये सामुदायिक शौचालय की आवश्यकता है। कृपया इस हेतु **राशि 25,00,000/— (पच्चीस लाख रू. मात्र)** SECL मद से राशि प्रदान करने की कृपा करें।

अतः उपरोक्तानुसार आपकी ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह—सचिव
जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा)
जिला पंचायत रायगढ़ (छ.ग.)

पृ. क्र. 10090 / जि.स्व.भा.मि. / जि.पं. / 2021 रायगढ़, दिनांक 10/11/21
प्रतिलिपि :—

1. कलेक्टर, जिला रायगढ़ छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह—सचिव
जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा)
जिला पंचायत रायगढ़ (छ.ग.)

D:\AG32020\..NOTICE FILE\Notice File_20-21.docx

Scanned with CamScanner